देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए उपयुक्त समुचित नीतियों और कार्य नीतियों को ध्यान में रखकर विचार किया जाएगा।

Anomalies in postings in CCRUM

2363. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of posts have been abolished and a number of officials reverted in the Central Council for Research in Unani Medicines (CCRUM) on account of irregularities in creation of posts appointments, promotions and age relaxation in violation of the rules and regulations, as reported in the Times of India of 9th September, 1993;

(b) what are the details of irregularities noticed by the audit in this regard during each of the last three years; and

(c) what steps Government have taken or propose to take to check such irregularities and malpractices in CCRUM?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) to (c) The audit inspection report of 1991-92 mentioned irregularities relating to creation and upgradation of posts as well as appointments and promotions. The explanation of the then Director was called and he was replaced by a new Director. The Council was also advised to cancel the irregular appointments and promotions.

A detailed enquiry was ordered into the irregularities as also a review of career prospects/stagnation, in CCRUM.

"एड्स" के रोगियों का उपचार

2364. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान वर्ष-वार कितने "एड्स" के रोगियों का पता लगाया गया है ;

(ख) देश में इस समय कितने "एड्स" के रोगियों का अस्पतालों में उपचार किया जा रहा है ;

(ग) उनमें से पुरुष तथा महिला रोगियों की संख्या कितनी-कितनी है ; और

(घ) सरकार द्वारा इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार के लिए इन अस्पतालों में क्या व्यवस्था की गई है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) गत तीन वर्षों के दौरान पता लगाए गए "एड्स" रोगियों की संख्या 1991 में 43, 1992 में 187 तथा 1993 में 269 रही है।

(ख) तथा (ग) राज्यों (राजस्थान, दिल्ली, सिक्किम, पंजाब, जम्मू और काश्मीर, बिहार, मणिपुर, नागालैण्ड, तमिलनाडु, केरल को छोड़कर) से प्राप्त सूचना से पता चलता है कि राज्यों में विभिन्न सरकारी अस्पतालों में कुल 206 रोगी उपचार करा रहे हैं, जिनमें से 141 पुरुष और 65 महिलाएं हैं।

(घ) दिल्ली और अन्य मुख्य शहरों में एड्स रोगयों के चिकित्सा निदान तथा उपचार के लिये बहुत से चिकित्सा अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू किया गया है। चूंकि अभी तक इसका कोई उपचार उपलब्ध नहीं है, रोगियों को उस वजह से जो अन्य रोग